


Firmenich
for good, naturally

आचार संहिता

# हमारे मूल सिद्धांतों का पालन करना

जुलाई 2021

1895 में हमारे निर्माण के बाद से, Firmenich हमेशा एक कंपनी से अधिक रही है, हम जिम्मेदार व्यवसाय की अनूठी विरासत के साथ एक परिवार हैं।



# 00

# अनुक्रमणिका

01 हमारे मूल सिद्धांत 03
02 हमारे CEO (सीईओ) की तरफ से आपका स्वागत है 04
03 हमारी संहिता के बारे में 05
04 'Stop and Think' Check ('रुकिए और सोचिए' जांच) 07
05 आवाज उठाना 08
06 हमारे सहकर्मचारियों के प्रति हमारी जिम्मेदारियां 09
- हम एक दूसरे का सम्मान करते हैं और हम विविधता को महत्व देते हैं
- हम कार्यस्थल में सुरक्षा, सलामती और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हैं
- हम गोपनीयता और विश्वास के उच्च मानकों को बनाए रखते हैं

07 Firmenich के प्रति हमारी जिम्मेदारियां 11
- हम कंपनी की भौतिक और बौधिक संपत्तियों की रक्षा करते हैं
- हम अपने व्यक्तिगत हितों के पहले अपने सामूहिक हितों को रखते हैं
- हम अपने संचार और सामाजिक मीडिया के उपयोग में सावधानी और शिष्टता बरततें हैं

08 हमारे व्यापारिक भागीदारों के प्रति हमारी जिम्मेदारियां 13
- हम अपने करार से संबंधित दायित्वों का पालन करते हैं और उचित रूप से प्रतिस्पर्धा करते हैं
- हम गुणवत्ता और उत्पाद सुरक्षा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करते हैं
- हम जिम्मेदारी से स्रोत प्राप्त करते हैं
- हम ईमानदारी के साथ व्यापार करते हैं

09 पर्यावरण और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियां 15
- हम पर्यावरण की परवाह करते हैं और उस पर हमारा प्रभाव कम करना चाहते हैं
- हम मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और उन लोगों पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करना चाहते हैं जिनके साथ हम काम करते हैं और जिन समुदायों में हम काम करते हैं
- हम केवल राजनीतिक रूप से तटस्थ संगठनों का समर्थन करते हैं और उन्हें दान देते हैं
- हम वित्तीय अपराध में लिप्त नहीं होते हैं और आर्थिक प्रतिबंधों का सम्मान करते हैं

10 शब्दकोष 18
11 अनुक्रमणिका 18

# 01 हमारे मूल सिद्धांत
## हम किन मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं?

### हमारा उद्देश्य

स्वाभाविक रूप से कल्याण को बढ़ाने के लिए सकारात्मक भावनाएं बनाना।

हम इसे कैसे प्राप्त करेंगे?
हमारे मूल सिद्धांत

### ग्राहक

हम अपनी पारस्परिक सफलता के लिए अपने ग्राहकों के उत्पादों को सुगंधित और स्वादिष्ट करते हैं। हमारी ग्राहक अंतरंगता अद्वितीय है क्योंकि हम अपनी महत्वाकांक्षाओं को वास्तविकता में बदलने के लिए अपने ग्राहकों के साथ भागीदारी से काम करते हैं। हम ग्राहकों की इच्छाओं का अनुमान लगाते हैं, स्वाद और खुशबु को लगातार नवीन करते रहते हैं। हम नवीन उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से बेहतरीन उत्पाद प्रदान करते हैं, जिससे हमारे ग्राहक यथासंभव निर्णय लेने में सक्षम होते हैं।

### लोग

हमारे लोग हमारी कंपनी के लिए महत्वपूर्ण हैं। वे अपने जुनून, प्रतिभा और प्रतिबद्धता के लिए पहचाने जाते हैं। हम व्यक्तिगत ईमानदारी और नैतिक व्यवहार के उच्चतम स्तर को सख्ती से बनाए रखते हैं। हम विविधता को महत्व देते हैं और एक ऐसा वातावरण बनाते हैं जिसमें प्रत्येक सहकर्मचारी को सशक्त और प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे हम अपने भविष्य को आत्मविश्वास और कल्पना के साथ आकार दे सकें। हम अपने कार्यनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बेहतरीन प्रतिभाओं को एकजुट करते हैं और एक उद्यमी टीम भावना को बढ़ावा देते हैं।

### रचनात्मकता

रचनात्मकता हमारा सार है। हम ऐसी सुगंध और स्वाद उत्पन्न करते हैं जो दुनिया भर के ग्राहकों को खुशी और आनंद देते हैं। हम अनुसंधान और नवाचार में अपने उद्योग का नेतृत्व करते हैं, जिससे लगातार वृद्धिशील और सफलता प्राप्त करने वाले विचारों और प्रौद्योगिकियों को बढ़ाते हैं। हम व्यापार के सभी हिस्सों को बेहतर बनाने के लिए अपनी रचनात्मकता का अमल करते हैं।

### स्थिरता

हमारी ईमानदारी और व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना हमारी दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करती है। हम वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के कल्याण के लिए एक स्थायी व्यापार मॉडल का पालन करते हैं। हम अपने सभी भागीदारों को एक जिम्मेदार, ट्रेस करने योग्य मूल्य श्रृंखला बनाने के लिए संलग्न करते हैं। हम सभी नियामक आवश्यकताओं का सख्ती से पालन करते हैं और गुणवत्ता, सुरक्षा और पर्यावरण पर उच्चतम अंतरराष्ट्रीय मानकों को प्राप्त करने का प्रयास करते हैं।

### विरासत

हमारी स्वतंत्रता हमें अपने भविष्य को नियंत्रित करने की स्वतंत्रता देती है। हम एक परिवार के स्वामित्व वाली कंपनी हैं, जो हमारी स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने व्यापार के लिए एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण रखते हैं। हम वित्तीय सामर्थ्य, लाभदायक वृद्धि और संपत्तियों से लाभ की नीति का अनुसरण करते हैं।

### हमारी संहिता

हमारे मूल सिद्धांत हमारी संहिता और हमारे उद्देश्य को रेखांकित करते हैं, जिससे हमें यह समझने में मदद मिलती है कि Firmenich में सही काम करने का क्या मतलब है। आप जहां भी हैं, आपकी जो भी भूमिका है, हमारी संहिता हमेशा मदद करने के लिए है।

# 02 हमारे CEO (सीईओ) की तरफ से आपका स्वागत है



प्रिय सहकर्मचारियों,

Firmenich की आचार संहिता में आपका स्वागत है। Firmenich में, हम यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं कि हम तरीके से, चपलता और पारदर्शिता के साथ सही काम करते हैं जिससे हमारी महान कंपनी को लाभ हो।

हमारी संहिता हमें हमारे मूल सिद्धांत, हमारे ग्राहकों, हमारे लोगों, हमारी रचनात्मकता, स्थिरता और हमारी विरासत के प्रति हमारे मार्गदर्शक मूल्यों से जोड़ती है। संहिता अनिवार्य रूप से एक रूपरेखा है जो हर दिन, सही काम को, सही तरीके से करने के बारे में स्पष्ट अपेक्षाएं निर्धारित करती है।

जैसा कि हम अपने विकास के अगले चरण को शुरू करते हैं, यह Firmenich के कर्मचारी के रूप में हम सब पर निर्भर हैं कि ईमानदारी, निष्पक्षता और अखंडता के उच्चतम मानकों का पालन करके और अपने लोगों, हमारे उत्पादों और हमारे ग्रह की रक्षा करके अपनी प्रतिष्ठा बढ़ाना जारी रखें। और यहां संहिता मदद कर सकती है।

आपको गलत काम करते हुए पकड़ने के लिए संहिता को एक ‘rule book’ (‘नियम पुस्तक’) के रूप में नहीं बनाया गया था। इसे एक सक्रिय, जीवंत दस्तावेज़ के रूप में सेवा देने के लिए बनाया गया था जो हमें सबसे आसान शब्दों में, सही काम करने में मदद कर सकें। इसे अपने काम के बारे में जानने के लिए, एक गाइडबुक के रूप में समझे।

यदि आपको किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता है, तो आपके Human Resources (मानव संसाधन), Business Ethics (व्यापारिक नैतिकता) और Legal Departments (कानूनी विभागों) सहित आपके Firmenich प्रबंधन और सहकर्मचारी हमेशा आपकी मदद के लिए हैं। यदि आपको अभी भी प्रश्न या चिंताएं हैं, तो 24/7 हॉटलाइन भी उपलब्ध है। यदि आप ईमानदारी से ऐसा करते हैं, तो मेरी प्रतिबद्धता है कि आपको प्रतिशोध से बचाया जाएगा।

हमारी संहिता पर पूरा ध्यान देने, हमारे मूल सिद्धांतों को बनाए रखने और ईमानदारी के उच्चतम स्तर के साथ Firmenich’s की सफलता को बढ़ाने के लिए आपके सभी के प्रयासों के लिए धन्यवाद।

सादर,
Gilbert Ghostine

# 03

## हमारी संहिता के बारे में

### संहिता क्या है?

हमारी संहिता हमारे मूल सिद्धांतों: हमारा उद्देश्य और मूल्य का प्रतीक है। यह आपको उन सिद्धांतों, मानकों और नीतियों को खोजने और समझने में मदद करेगी जो Firmenich में आपके काम के लिए लागू होते हैं।

हम सभी को अपने मूल सिद्धांतों का पालन करना चाहिए - न केवल नियम, बल्कि उनके पीछे के भाव और मूल्य भी।

इसे चार अध्यायों में विभाजित किया गया है, जो एक-दूसरे, Firmenich, हमारे व्यापारिक साझेदारों (जिनमें अन्य, हमारे ग्राहक, आपूर्तिकर्ता, एजेंट और वितरक शामिल हैं) और पर्यावरण और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को निर्धारित करते हैं। जिन मुद्दों पर चर्चा हुई उनमें से कई इन हितधारक समूहों में से एक से अधिक को प्रभावित करते हैं। हमारी पूरी संहिता में आपको मदद या आगे स्पष्टीकरण के लिए कहां जाना है, के बारे में जानकारी मिलेगी।

हालांकि हमारी संहिता हर स्थिति के लिए उत्तर नहीं देती है और हमारी नीतियों और प्रक्रियाओं को प्रतिस्थापित नहीं करती है, लेकिन यह आपको उन्हें नेविगेट करने में मदद करेगी। सुनिश्चित करें कि आप सामग्री के साथ खुद को परिचित करते हैं। अपने काम में अक्सर इसका संदर्भ लें, अच्छे निर्णय का उपयोग करें, और यदि आवश्यक हो तो हमेशा मार्गदर्शन मांगें।

## यह किस पर लागू होती है?

हमारी Board of Directors (संहिता संचालक मंडल) के सभी सदस्यों के साथ-साथ बाहरी कर्मचारियों, जैसे अस्थायी कर्मियों सहित दुनिया भर के सभी Firmenich कर्मचारियों पर लागू होती है।

संहिता हमारे व्यापारिक भागीदारों के लिए भी प्रासंगिक है, जिनमें से प्रत्येक का हमारी प्रतिष्ठा पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है। हम केवल उन लोगों के साथ व्यापार करना चाहते हैं जो कानून का सम्मान करते हैं, हमारे मूल्यों को साझा करते हैं और इस संहिता के प्रत्येक अध्याय में उल्लिखित और समझाएं गए सिद्धांतों का पालन करते हैं।

**प्रश्न यदि मैं एक manager (प्रबंधक ) या supervisor (पर्यवेक्षक) हूं तो क्या मेरी कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी है?**

उत्तर यदि आपकी भूमिका में दूसरों को प्रबंधित करना या पर्य-वेक्षण करना शामिल है, तो आप उदाहरण निर्धारित करने के लिए जिम्मेदार हैं। ऐसा करने के लिए, आपको मूल सिद्धांतों और हमारी संहिता से परिचित होना होगा, सिद्धांतों का पालन करना होगा और एक सकारात्मक कार्य वातावरण बनाना होगा जहां हर कोई सलाह मांगने और चिंताओं को व्यक्त करने में सहज महसूस कर सकता है। आपको यह भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता होगी कि आपकी टीम के सदस्य मूल सिद्धांतों और संहिता से परिचित हैं, यह जानते हैं कि उनका अनुपालन कैसे करना हैं और आवधिक प्रशिक्षण में भाग लेते हैं।

यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं कि टीम के सदस्यों द्वारा आपके सामने उठाए गए किसी मुद्दे या चिंता को कैसे संभाला या उत्तर कैसे दिया जाए, या क्या कार्रवाई की जाए, अगर आप मानते हैं कि आपकी टीम के सदस्य के खिलाफ कदाचार की चिंता जताने के लिए प्रतिशोध लिया गया है तो हमेशा सलाह के लिए पूछें।

## जब हमारी संहिता का उल्लंघन होता है तो क्या होता है?

Firmenich में, हममें से प्रत्येक को हमारे मूल सिद्धांतों, हमारी संहिता, नीतियों और मानकों और सभी लागू कानूनों, विनियमों और उद्योग मानकों का पालन करना आवश्यक है। ऐसा करने में विफलता के परिणामस्वरूप संबंधित व्यक्तियों के प्रति अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है, जिसमें बर्खास्तगी शामिल है, साथ ही संभावित नागरिक और आपराधिक देयता भी शामिल हैं। हमें Firmenich द्वारा उपलब्ध कराई गई अनिवार्य प्रशिक्षण गतिविधियों को भी पूरा करना चाहिए।
ऐसे मामलों में जहां हमारे व्यापारिक भागीदार हमारी अपेक्षाओं को पूरा नहीं करते हैं और/या करार संबंधित दायित्वों को पूरा करने में विफल रहते हैं, वहां हम उचित उपाय करेंगे जिसमें व्यापार संबंध को समाप्त करना शामिल हो सकता है।

**प्रश्न अलग-अलग देशों में अलग-अलग कानून लागू हो सकते हैं। क्या हमारी संहिता दुनिया भर में लागू होती है?**

उत्तर Firmenich 100 से अधिक बाजारों में संचालन के साथ वैश्विक तौर पर कार्यरत है। हमारी संहिता इनमें से प्रत्येक स्थान पर लागू होती है। जब हमारी संहिता के भीतर एक मानक लागू कानूनों से भिन्न होता है, तो सख्त मानक लागू होगा।

संदेह के मामले में, हम आपको इस मामले को local management (स्थानीय प्रबंधन ), Human Resources (मानव संसाधन)-, Legal Department (कानूनी विभाग) के समक्ष उठाने के लिए या ethics@firmenich.com के माध्यम से Business Ethics function (व्यापारिक नैतिकता कार्य) से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

जबकि संहिता का स्थानीय भाषा में अनुवाद उपलब्ध हैं, फिर भी मूल अंग्रेजी संस्करण आधिकारिक संस्करण है। जुलाई 2021 से प्रभावी, संहिता का यह संस्करण, पिछले सभी संस्करणों को बदल देता है।

# 04

## ‘STOP AND THINK’ CHECK (‘रुकिए और सोचिए’ जांच)

संहिता उस हर स्थिति को कवर नहीं कर सकती है जिसका आप खुद सामना कर सकते हैं। निम्नलिखित मॉडल अपने आप से पूछने के लिए कुछ प्रश्न प्रदान करता है जो आपको सही निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं। यदि इनमें से किसी भी प्रश्न का उत्तर ‘नहीं’ है, या यदि आप सर्वोत्तम कार्रवाई के तरीके के बारे में सुनिश्चित नहीं हैं, तो आपको इस पर पुनर्विचार करना चाहिए।

जब एक ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ता है जिसका हल कैसे करना इसके लिए निश्चित नहीं है तो, रुकिए और सोचिए।

- अगर मेरी कार्रवाई की खबर किसी अखबार में रिपोर्ट की जाती है और इसका पता मेरे परिवार और दोस्तों को चलें तो क्या मुझे खुशी होगी?
- क्या मुझे यकीन है कि प्रस्तावित कार्रवाई में झूठ बोलना या असत्य शामिल नहीं है?
- क्या मुझे यकीन है कि प्रस्तावित कार्रवाई से Firmenich या इसकी प्रतिष्ठा को नुकसान नहीं होगा?
- क्या मुझे यकीन है कि प्रस्तावित कार्रवाई हमारे मूल सिद्धांतों या संहिता के खिलाफ नहीं है?
- क्या मुझे यकीन है कि प्रस्तावित कार्रवाई अवैध नहीं है?

### हां

आगे बढ़ने का निर्णय उचित प्रतीत होता है

### ना / निश्चित नहीं

अपने निर्णय पर पुनर्विचार करें और निम्न से सलाह लें:

आपके line manager (लाइन प्रबंधक) से / Legal Department (कानूनी विभाग) स / Human Resources (मानव संसाधन ) से / Business Ethics (व्यापारिक नैतिकता) से

# 05

## आवाज उठाना

### कैसे और कब आवाज उठानी चाहिए

हममें से प्रत्येक की जिम्मेदारी है कि यदि हम किसी चीज़ के बारे में अनिश्चित हैं, चिंतित हैं, या ऐसी कोई चीज़ देखतें हैं जो हमारे मूल्यों के अनुरूप न हो तो आवाज उठाएं। पहला कदम अपने line manager (लाइन प्रबंधक) के साथ बात करना है, या यदि यह संभव नहीं है, तो local management (स्थानीय प्रबंधन), Human Resources (मानव संसाधन), Legal Department (कानूनी विभाग), या Business Ethics function (व्यापारिक नैतिकता कार्य) के एक सदस्य से संपर्क करें।

यदि आप ऐसा करने में असमर्थ या असहज महसूस करते हैं, तो आप अपने कर्मचारियों और व्यापारिक भागीदारों के लिए उपलब्ध हॉटलाइन, एक स्वतंत्र और गोपनीय 24/7 टेलीफोन और वेब-आधारित सेवा के माध्यम से अपनी चिंताओं को व्यक्त कर सकते हैं। Firmenich का 'आवाज उठाएं' फ्रेमवर्क आपको यह आश्वस्त करने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि चिंताओं को व्यक्त करना सुरक्षित और सही काम है, और आपको शुरुआती स्तर पर और सही तरीके से ऐसा करने में सक्षम बनाता है। आपकी चिंताओं को कानून द्वारा अनुमत पूर्ण सीमा तक गोपनीय रखा जाएगा।

हम व्यक्त की गई प्रत्येक चिंता पर विचार करेंगे और जहां आवश्यक होगा, हम अंतर्निहित तथ्यों को स्थापित करने के लिए उठाए गए मुद्दों की जांच करने के लिए एक अन्वेषक आवंटित करेंगे। जांच के निष्कर्षों के आधार पर, व्यक्त की गई चिंताओं को दूर करने के लिए आवश्यक किसी भी कार्रवाई को संबंधित व्यक्ति के पद की परवाह किए बिना किया जाएगा। हम कॉर्पोरेट हॉटलाइन (Whistleblowing [ध्यानाकर्षण]) नीति के अनुसार जांच के निष्कर्ष के बाद आपको प्रतिक्रिया प्रदान करेंगे।

## प्रतिशोध के प्रति शून्य सहिष्णुता

किसी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ प्रतिशोध, जो सद्भावना से, सलाह लेता है, कदाचार की चिंता व्यक्त करता है या एक जांच में सहयोग करता है, सख्ती से प्रतिबंधित है। किसी ऐसे व्यक्ति जिसने सद्भावना से चिंता व्यक्त की थी उसके खिलाफ प्रतिशोध लेने वाले व्यक्ति को अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पडेगा।

अतिरिक्त जानकारी

Corporate Hotline (Whistleblowing) Policy

Firmenich Hotline

# 06

## हमारे सहकर्मचारियों के प्रति हमारी जिम्मेदारियां

'लोग' हमारी कंपनी के लिए महत्वपूर्ण हैं; वे हमारे मूल सिद्धांतों का आधार हैं। हम चाहते हैं कि Firmenich में काम करने वाले सभी लोग प्रतिबद्ध महसूस करें और Firmenich में काम करने पर गर्व करें। हमारे सहकर्मचारी हमारी सबसे बड़ी संपत्ति और हमारी सफलता को आगे बढ़ानेवाले हैं।

## हम एक दूसरे का सम्मान करते हैं और हम विविधता को महत्व देते हैं

सिद्धांत: हम एक दूसरे के साथ पेशेवर, ईमानदारी और उस तरीके से व्यवहार करते हैं जिस तरीके से हम चाहते हैं की हमारे साथ व्यवहार हो। हम मानते हैं कि मतभेदों को समझने और उनका मूल्यांकन करने से, हम एक साथ बेहतर काम कर सकते हैं और अपने हितधारकों के लिए मूल्य बनाते हैं।

**Firmenich की प्रतिबद्धता:**
**Firmenich में हम सभी से समान रूप से उनके लिंग, आयु, नस्ल, वंशीयता, धर्म, वैवाहिक स्थिति, यौन अभिविन्यास, लिंग पहचान, अनुभव, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, क्षमताओं और अन्य संरक्षित श्रेणियों की परवाह के बिना व्यवहार करते हैं।**
**Firmenich एक समावेशी कामकाजी वातावरण प्रदान करता है जिसमें हर कोई विकास कर सकता है और जहां रिश्ते सम्मान और व्यावसायिकता पर आधारित होते हैं।**

**आपकी जिम्मेदारी**

ऐसे किसी भी रवैये या व्यवहार से बचें जिसे भेदभाव, उत्पीड़न या धमकाने के रूप में माना जा सकता है। उदाहरणों में अनुचित चुटकुले, असभ्य या अपमानजनक भाषा (व्यक्तिगत और ऑनलाइन दोनों तरीकों में), अवांछित शारीरिक संपर्क, किसी को कम महत्वपूर्ण बनाने की प्रक्रिया, बैठकों और बातचीत से सहकर्मचारियों के आवर्ती बहिष्कार या आपत्तिजनक सामग्रियों को प्रदर्शित करना शामिल है।

लोगों की संवेदनाओं के प्रति सचेत रहें: आपके लिए एक मज़ेदार चुटकुला किसी अन्य व्यक्ति द्वारा धमकाने या उत्पीड़न के रूप में माना जा सकता है।

किसी को चुनौती दें यदि आपको उनका व्यवहार अपमानजनक, डराने वाला, असभ्य या अशिष्ट लगता है। आपको अपने line manager (लाइन प्रबंधक), Human Resources (मानव संसाधन) से बात करने में संकोच नहीं करना चाहिए या यदि आपको ऐसी चिंता है तो हॉटलाइन का उपयोग करें।

**प्रश्न मैंने एक सहकर्मचारी को अन्य सहकर्मचारियों की उपस्थिति में समलैंगिकता के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करते सुना है। मुझे लगता है कि वह केवल मजाकिया बनने की कोशिश कर रहा था, लेकिन इससे मुझे असहज महसूस हो रहा था। मुझे क्या करना चाहिए?**

उत्तर हम एक खुला, सम्मानजनक और समावेशी कार्य वातावरण बनाना चाहते हैं। अपमानजनक टिप्पणी और आचरण स्वीकार्य नहीं हैं। इस व्यवहार से अन्य सहकर्मियों को परेशानी, महत्वहीन या असम्मानित महसूस करने की अत्यधिक संभावना है। यदि संभव हो, तो आपको इस व्यवहार में संलग्न सहकर्मचारी का सामना करना चाहिए और यह स्पष्ट करना चाहिए कि उनके कार्य स्वीकार्य नहीं हैं। यदि वे तुरंत माफी नहीं मांगते हैं और बंद नहीं करते हैं, और भविष्य में ऐसे व्यवहार को दोहराना बंद नहीं करते, या आप व्यक्ति का सामना करने में सहज महसूस नहीं करते हैं, तो आपको अपने line manager (लाइन प्रबंधक), Human Resources (मानव संसाधन) को या हॉटलाइन का उपयोग करके व्यवहार की रिपोर्ट करनी चाहिए।

अतिरिक्त जानकारी
Corporate Diversity and Belonging Policy
Code of Ethics Guide for Managers

# हम कार्यस्थल में सुरक्षा, सलामती और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हैं

सिद्धांत: हम अपने कर्मचारियों, उनके परिवारों और हमारे व्यापारिक भागीदारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण और सलामती को प्राथमिकता देते हैं।

**Firmenich की प्रतिबद्धता:
Firmenich सभी के प्रति अपने देखभाल के कर्तव्य को गंभीरता से निभाता है और अति उत्कृष्ट सुरक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण और सलामती मानकों को हासिल करने और बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से निरंतर सुधार करता है।**

**आपकी जिम्मेदारी**

ड्रग्स, शराब, दवा या अन्य प्रभावों से हानि के बिना कर्तव्य के लिए फिट होने पर काम पर आना।

स्वच्छ और व्यवस्थित कार्यस्थल बनाए रखें।

यदि आप एक ऐसी स्थिति देखते हैं जो सुरक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण या सलामती खतरे को उत्पन्न कर सकती है, तो तुरंत हस्तक्षेप करें।


अपने line manager (लाइन प्रबंधक), नामित आंतरिक प्रक्रियाओं या हॉटलाइन के माध्यम से सभी चोट, घटनाओं और बाल-बाल बचने सहित सभी अनुचित सुरक्षा, स्वास्थ्य और सलामती तरीकों की रिपोर्ट करें। ऐसी स्थिति जो पहली नज़र में महत्वहीन लग सकती हैं, अगर तुरंत संबोधित नहीं की गई तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

सभी लागू नियमों का अनुपालन करें और अपने सहयोगी के विशिष्ट स्वास्थ्य और सुरक्षा एवं सलामती प्रक्रियाओं का पालन करें।

जब आप कैसे आगे बढ़ना है के बारे में अनिश्चित हैं, या यदि कोई स्वास्थ्य और सुरक्षा की आवश्यकता स्पष्ट नहीं है तब अपने line manager (लाइन प्रबंधक) से बात करें।

प्रश्न मुझे पूरा संदेह है कि एक सहकर्मचारी शराब के नशे में काम पर आता है। मुझे क्या करना चाहिए?

उत्तर इस स्थिति में, आपको अपने संदेह की रिपोर्ट उस व्यक्ति के line manager (लाइन प्रबंधक) को तुरंत देनी चाहिए जिसके बारे में आपको चिंता है या स्थिति के बारे में ठीक से बताने के लिए अपने लाइन मैनेजर को रिपोर्ट करें।



अतिरिक्त जानकारी

Corporate Occupational Health and Safety Policy

Firmenich 'Safety at Work' webpage

Firmenich QHSE Charter

# हम गोपनीयता और विश्वास के उच्च मानकों को बनाए रखते हैं

सिद्धांत: हम सभी के लिए एक भरोसेमंद साथी बनना चाहते हैं। इसलिए, हम व्यक्तिगत डेटा जो हमें दिया जाता है उसे सावधानीपूर्वक, गोपनीय रूप से और स्थानीय कानूनों के अनुपालन में संभालते है।

**Firmenich की प्रतिबद्धता:
Firmenich क्षति, चोरी, अनधिकृत पहुंच, प्रकटीकरण, नकल, उपयोग या संशोधन के खिलाफ व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए तकनीकी और संगठनात्मक सुरक्षा उपायों का पालन करता है। हम उन लोगों तक पहुंच को सीमित करते हैं, जिन्हें व्यापार से संबंधित जानने हेतु वैध जरूरत है, इस प्रकार यह सुनिश्चित करते हैं कि गोपनीयता और गुप्तता के उल्लंघन होने के जोखिम को कम करने के लिए उचित प्रक्रियाएं हो रही है, साथ ही यह सुनिश्चित करते हैं कि उल्लंघन होने की घटना में एक उपयुक्त प्रतिक्रिया कार्यनीति है।**

**आपकी जिम्मेदारी**

कॉर्पोरेट कर्मचारी व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नीति में मानकों के साथ खुद को परिचित करें। उदाहरण के लिए, आपको केवल तभी कर्मचारी डेटा एकत्र या संसाधित करना चाहिए जब कोई वैध व्यापारिक जरुरत या करार संबंधी जरूरत हो या कानूनी रूप से ऐसा करने की आवश्यकता हो।

गोपनीय जानकारी या व्यक्तिगत डेटा का खुलासा न करने के लिए सावधान रहें, उदाहरण के लिए फोन पर या संवेदनशील जानकारी से जुड़े दस्तावेजों को कहीं छोड़ कर।

सुनिश्चित करें कि आपके साथ काम करने वाले व्यापारिक भागीदार Firmenich के मानकों से परिचित हैं।

किसी भी अनिवार्य गोपनीयता प्रशिक्षण में भाग लें।

प्रश्न मैंने अनजाने में कर्मचारी डेटा शामिल हो ऐसी एक फाइल गलत प्राप्तकर्ता को भेज दी है। मैंने उस व्यक्ति से संपर्क किया और उसे फाइल को मिटाने के लिए कहा। चूंकि इस बात का ध्यान रखा गया है, इसलिए मैंने Firmenich में किसी और को सूचित न करने का निर्णय लिया।

उत्तर यह उचित नहीं है। हमारी कॉर्पोरेट कर्मचारी व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा नीति के अनुसार, हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि केवल अधिकृत कर्मचारी या तीसरे पक्ष (जैसे पेरोल सेवा प्रदाता) के पास वैध व्यापारिक उद्देश्यों के लिए कर्मचारी डेटा तक पहुंच हो। अनधिकृत पहुंच एक व्यक्तिगत डेटा उल्लंघन और लागू डेटा संरक्षण नियमों का उल्लंघन कर सकती है, जिससे गंभीर जुर्माना हो सकता है। यदि आप एक वास्तविक या संदिग्ध व्यक्तिगत डेटा उल्लंघन के बारे में जानते हैं, तो आपको तत्काल इसकी सूचना Firmenich के Chief Information Security Officer (मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी) को is.security@firmenich.com पर देनी चाहिए। यदि संदेह है, तो आप अपने Human Resources manager (मानव संसाधन प्रबंधक) या Data Privacy Director (डेटा गोपनीयता निदेशक) से data.privacy@firmenich.com पर भी संपर्क कर सकते हैं।



अतिरिक्त जानकारी

Corporate Employee Personal Data Protection Policy

Corporate Policy on Protecting Confidential Information

# 07

## FIRMENICH के प्रति हमारी जिम्मेदारियां

हमारे मूल सिद्धांतों में ‘विरासत’ हमारी दीर्घकालिक दृष्टि और हमारी स्वतंत्रता के महत्व पर जोर देती है। हम अनुसंधान और नवाचार में निवेश करके अपने उद्योग का नेतृत्व करते हैं, जिससे लगातार वृद्धिशील और सफलता प्राप्त करने वाले विचारों और प्रौद्योगिकियों को बढ़ाते हैं। कंपनी को नुकसान से बचा के, हम इसकी स्वतंत्रता को संरक्षित करते हैं और दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करते हैं।

## हम कंपनी की भौतिक और बौधिक संपत्तियों की रक्षा करते हैं

सिद्धांत: व्यापारिक उद्देश्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए कंपनी की संपत्ति महत्वपूर्ण है। हम अपने काम को महत्व देते हैं और Firmenich की भौतिक और बौधिक संपत्तियों, और दूसरों की संपत्ति के साथ जिम्मेदारी से और सम्मान के साथ व्यवहार करते हैं।

**Firmenich की प्रतिबद्धता:**
**हम अपनी सभी संपत्तियों साथ ही दूसरों की गोपनीय और मालिकाना जानकारी की भी रक्षा करते हैं। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारी कंपनी की भौतिक और बौधिक संपत्तियां सही ढंग से अधिग्रहीत हो, रिकॉर्ड की गई हो, रखरखाव की जा रहा हो, उपयोग हो रहा हो और निकाल किया गया हो।**

**आपकी जिम्मेदारी**

Firmenich की भौतिक और बौधिक संपत्ति और संसाधनों का उपयोग देखभाल के साथ और केवल व्यापारिक उद्देश्यों के लिए ही उपयोग करें।

सटीक किताब/ बही पुस्तकें और रिकॉर्ड रखें और उनके साथ काम करते समय लागू कानूनों और नियमों का पालन करें।

कंपनी की संपत्ति को नुकसान, क्षति, दुरुपयोग, चोरी का दुरुपयोग, और धोखाधड़ी की गतिविधियों में शामिल न हो।

Firmenich की बौद्धिक संपदा के मूल्य और संवेदनशीलता, साथ ही अन्य मालिकाना जानकारी से सचेत रहें।

सभी प्रासंगिक IS नीतियों और गोपनीय जानकारी की सुरक्षा पर कॉर्पोरेट नीति का अनुपालन करें।

सिवाय प्राधिकृत के, गोपनीय जानकारी का खुलासा न करें।

जब तक कि पूर्व प्राधिकृति प्राप्त नहीं की गई तब तक कंपनी की संपत्ति को तीसरे पक्ष के साथ साझा न करें।

उचित लाइसेंस या अनुमोदन के बिना कभी भी अनुचित तरीके से तीसरे पक्ष की बौद्धिक संपदा सहित तीसरे पक्ष की भौतिक और बौधिक संपत्तियां प्राप्त न करें या उपयोग न करें।

यदि आप किसी सुरक्षा खतरे या घटना का कोई संकेत देखते हैं, जैसे कि संवेदनशील जानकारी जो लीक हुई हो गई सकती है, तो तुरंत START के माध्यम से टिकिट लेकर सुरक्षा संचालन केंद्र (Security Operations Centre, SOC) टीम से संपर्क करें और/या IS.SOC@firmenich.com को एक ई-मेल भेजें और/या SOC हॉटलाइन पर कॉल करें।

प्रश्न मेरा एक दोस्त है जिसने एक बायोटेक कंपनी को वित्त पोषित किया है और व्यापार के अवसरों का मूल्यांकन करने के लिए इस क्षेत्र में Firmenich नवाचार पाइपलाइन के बारे में अधिक जानना चाहता है

उत्तर Firmenich नई खोज गतिविधि के बारे में तीसरे पक्ष के साथ जानकारी साझा करना दो कारणों से Firmenich को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकता है। सबसे पहले, एक Firmenich कर्मचारी के रूप में यह Firmenich से किसी भी मालिकाना जानकारी के संबंध में गोपनीय दायित्व का उल्लंघन होगा। इसके अलावा, यह कंपनी के लिए अरक्षित जानकारी का खुलासा करके अपनी बौद्धिक संपत्ति की रक्षा करने की संभावना को खतरे में डाल सकता है।

**अतिरिक्त जानकारी**
Corporate IS Security Policy
Corporate Records Retention Policy
Corporate Policy on Protecting Confidential Information
Insider Policy

## हम अपने व्यक्तिगत हितों के पहले अपने सामूहिक हितों को रखते हैं

सिद्धांत: हम उन परिस्थितियों से बचते हैं जहां हमारा आचरण व्यक्तिगत हित से प्रभावित हो सकता है (या होने का संकेत देता है)।

**Firmenich की प्रतिबद्धता:**
**Firmenich हित के टकराव को संबोधित करने और उन जोखिमों को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है जो तब घटित होते हैं जब एक व्यक्तिगत हित पेशेवर कर्तव्यों के साथ टकराव करते हैं।**

**आपकी जम्मिेदारी**
यद‍ि आप अपने आप को हितों के टकराव की स्थित‍ि (या ऐसी स्थित‍ि जिसे इस स्थित‍ि के समान माना जा सकता है) में पाते हैं, तो इसे टालें या इसका खुलासा करें, ताक‍ि इसका आकलन और पता लगाया जा सके।

खुलासा किए गए तथ्यों के आकलन की प्रतीक्षा करते हुए, आपको संभवतः परस्पर वरिोधी गतिविध‍ि से खुद को दूर करना चाहिए।

**संभाव‍ित हितों के टकराव के उदाहरण है:**


आप, एक manager (प्रबंधक) के रूप में, एक करीबी संबंध‍ित व्यक्त‍ि (जैसे एक मित्र, कज़िन) की भर्ती के निर्णय में शाम‍िल हैं।

आप किसी ऐसे व्यक्त‍ि का निरीक्षण करते हैं जिससे आपका अंतरंग संबंध है।

आपके परिवार का सदस्य एक प्रतद्वंद्वी के लिए काम करता है।

आप बाहर के रोज़गार को स्वीकार करने या ऐसी गतिविधियों में संलग्न होने के बारे में सोच रहे हैं, जहां का समय आपकी Firmenich में नौकरी के साथ हस्तक्षेप करेगा।

आप एक करीबी संबंध‍ित व्यक्त‍ि (जैसे क‍ि आपके भाई) के साथ Firmenich की ओर से व्यवसाय करने की योजना बना रहे हैं।




## हम अपने संचार और सामाजिक मीडिया के उपयोग में सावधानी और शिष्टता बरततें हैं

सिद्धांत: हमारे संचार चैनल हमारे ग्राहकों और अन्य बाहरी हितधारकों के साथ जुड़ने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। हम अपने कॉर्पोरेट संचार, व्यावसायिक संचार और व्यक्तिगत चैनलों का उचित रूप से उपयोग करते हैं और हम हमेशा इस बात के प्रति सचेत रहते हैं कि हमारे संचार का Firmenich की प्रतिष्ठा और व्यावसायिक हितों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है।

**Firmenich की प्रतिबद्धता:**
**कंपनी के लिए आधिकारिक सोशल मीडिया चैनलों सहित अपने बाहरी संचार का प्रबंधन करने के लिए Firmenich के पास विशेषज्ञों का एक नेटवर्क है। यह नेटवर्क चुनिंदा तरीके से मीडिया के साथ समर्पित प्रवक्ता का लाभ उठाते हुए जुड़ता है, जो Firmenich की ओर से एक सुसंगत संदेश प्रस्तुत करते हैं। हमारी बाहरी संचार नीति के अनुरूप, संचार नेटवर्क यह सुनिश्चित करता है कि हमारी संचार क्षमता हमारी प्रतिष्ठा को बढ़ाने और संरक्षित करने के लिए सटीक है।**


**आपकी जिम्मेदारी**
ऑनलाइन और सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से केवल उपयुक्त संचार साझा करके Firmenich के एक ब्रांड एंबेसडर बनें। याद रखें, आपको एक ऑनलाइन Firmenich के प्रतिनिधि के रूप में माना जा सकता है, भले ही आप कंपनी के आधिकारिक प्रवक्ता न हो।

उपयुक्त चैनलों के माध्यम से ही संवेदनशील व्यापारिक विषयों पर चर्चा करें। ऐसा करने के लिए व्यक्तिगत सोशल मीडिया का उपयोग करने से बचें।

गोपनीयता का सम्मान करें। Firmenich या दूसरों (उदाहरण के लिए एक व्यापार भागीदार या प्रतिद्वंद्वी) की गोपनीय या मालिकाना जानकारी प्रकाशित न करें। इसमें टेक्स्ट, फोटो, वीडियो और दृश्य सामग्री शामिल है।

प्रश्न आज Firmenich ने एक प्रतिष्ठित नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जिसे हासिल करने में मैंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्या मैं इसके बारे में अपने लिंक्डइन अकाउंट पर पोस्ट कर सकता हूं?

उत्तर इससे पहले कि आप Firmenich की व्यापारिक गतिविधियों के बारे में कोई भी जानकारी ऑनलाइन साझा करें-विशेष रूप से हाल के व्यापारिक विकास के बारे में, आपको अपने line manager (लाइन प्रबंधक) और संचार कर्मचारियों के साथ यह जांचना चाहिए कि क्या ऐसा करना उचित है। यदि अनुबंध का अभी तक सार्वजनिक तौर पर ज्ञात नहीं है, तो आपको किसी भी परिस्थिति में ऑनलाइन चर्चा नहीं करनी चाहिए।



# 08

## हमारे व्यापारिक भागीदारों के प्रति हमारी जिम्मेदारियां

हम उच्चतम गुणवत्ता और नैतिक मानकों को पूरा करने वाले अभिनव उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से अपने 'ग्राहकों' सहित अपने सभी व्यापारिक भागीदारों को मूल्य प्रदान करते हैं। हमारी मौलिक 'रचनात्मकता' हमें दुनिया भर के ग्राहकों के लिए खुशी और प्रसन्नता देते हैं। जैसा कि हम अनुसंधान और नवाचार में अपने उद्योग का नेतृत्व करते हैं, हम आशा करते हैं कि हमारे व्यापारिक भागीदार हमें समर्थन दें और साथ ही साथ व्यापार के सभी हिस्सों को बेहतर बनाने के लिए हमारी रचनात्मकता को लागू करें।

## हम अपने करार से संबंधित दायित्वों का पालन करते हैं और उचित रूप से प्रतिस्पर्धा करते हैं

सिद्धांत: हम बेहतर प्रदर्शन के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मक लाभ चाहते हैं, न कि अनैतिक या अवैध व्यावसायिक प्रथाओं के माध्यम से। हम अपने व्यापारिक भागीदारों के साथ खुले तौर पर और ईमानदारी से संवाद करते हैं। हम आवश्यकतानुसार सभी प्रासंगिक जानकारी साझा करते हैं और प्राप्त करने की अपेक्षा करते हैं।

**Firmenich की प्रतिबद्धता:**
**Firmenich वैश्विक और स्थानीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कानूनों और अन्य लागू विनियमों का अनुपालन करते हुए, दुनिया भर के सभी बाजारों में उचित और कानूनी साधनों के माध्यम से एक प्रतिस्पर्धी व्यापारिक माहौल में सफल होने के लिए प्रतिबद्ध है।**
**Firmenich में, हम उन करार संबंधी दायित्वों का सम्मान करते हैं जिसके प्रति हम प्रतिबद्ध हैं।**
**Firmenich अनुचित या बेईमान विपणन दावों का समर्थन नहीं करता है, और हम अनैतिक या जबरदस्ती बिक्री तकनीकों का उपयोग नहीं करते हैं।**

**आपकी जिम्मेदारी**
इस तरीके से कार्य करें जिससे पता चलता है कि आप हर समय दृढ़ता से और स्वतंत्र रूप से और प्रतिस्पर्धा/अविश्वास कानून और नियमों के अनुसार प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। याद रखें: सबसे गंभीर अविश्वास अपराधों में कीमतों या बिक्री की शर्तों को तय करने के लिए, ग्राहकों या क्षेत्र या उत्पाद बाजारों को आवंटित करने के लिए, या किसी का बहिष्कार करने के लिए, साथ ही वितरकों के साथ समझौतों को फिर से बेचने की कीमतों को प्रतिबंधित करने के लिए प्रतिद्वंद्वीयों के बीच समझौते शामिल होते हैं।

गोपनीय या मालकिाना जानकारी के दुरुपयोग, गलत बयानी या सत्ता के दुरुपयोग या किसी अन्य अनुचित-व्यवहार के माध्यम से व्यापारिक भागीदारों या प्रतिद्वंद्वीयों का अनुचित लाभ न लें।

हमेशा सुनिश्चित करें कि आपके द्वारा व्यापारिक भागीदारों को प्रदान की जाने वाली जानकारी सत्य है।

अनुबंध जीवनचक्र नीति और संबंधित प्रक्रियाओं का पालन करें।

यदि आपको Firmenich के विपणन अभियानों और व्यापारिक गतिविधियों में से एक के बारे में चिंता है, तो अपने line manager (लाइन प्रबंधक) से बात करें या हॉटलाइन के माध्यम से एक संदेश भेजें।

प्रश्न मैं एक दोस्त के साथ ड्रिंक कर रहा हूं जो हमारी कंपनी के प्रतिस्पर्धी के लिए काम करता है। बातचीत में काम की बात होने लगती है। वह मुझसे मूल्य निर्धारण और सामग्री के बारे में कई संवेदनशील सवाल पूछता है और मुझे उसकी कंपनी के बारे में कुछ जानकारी बताता है।

उत्तर इस बातचीत को अविश्वास कानूनों का उल्लंघन माना जा सकता है, या यहां तक कि अन्य व्यापारिक भागीदारों के साथ करार संबंधी प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन भी हो सकता है और एक प्रतिद्वंद्वी को व्यापारिक रूप से संवेदनशील जानकारी का खुलासा करके Firmenich की व्यापारिक संभावनाओं को कम कर सकती है। यहां तक कि अगर यह व्यक्तिएक करीबी दोस्त है और बातचीत काम के घंटों के बाहर आयोजित की जाती है, तो किसी भी संदर्भ में किसी प्रतिद्वंद्वी को गोपनीय जानकारी का खुलासा करने की अनुमति नहीं है। आपको अपने मित्र को विनम्रता से बताना चाहिए कि वह आपकी कंपनी की जानकारी आपके साथ साझा नहीं कर सकता है। कृपया ध्यान रखें कि गैर अनुपालन व्यवहार पहले से ही दंडनीय हो सकती है।

**अतिरिक्त जानकारी**
Corporate Policy on Compliance with Competition Laws
Guideline on Compliance with Competition Laws
Contract Lifecycle Policy
Contract Lifecycle Procedures

## हम गुणवत्ता और उत्पाद सुरक्षा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करते हैं

सिद्धांत: Firmenich केवल उच्चतम गुणवत्ता वाले उत्पादों और सामग्रियों के विनिर्माण और आपूर्ति के लिए समर्पित है जो उच्चतम सुरक्षा मानकों को पूरा करते हैं।

**Firmenich की प्रतिबद्धता:**
**Firmenich यह सुनिश्चित करने में अत्यधिक सावधानी बरतता है कि हम उत्पाद सुरक्षा और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों का पालन करें।**

**आपकी जिम्मेदारी**

Firmenich के गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पालन करें।

उच्च स्तर की गुणवत्ता जागरूकता यह सुनिश्चित करने के लिए बनाए रखें कि आपके कार्य गुणवत्ता और/या हमारे उत्पादों की सुरक्षा से समझौता नहीं करते हैं।

सामग्री और सेवाएं ऐसे ही स्रोत से लें जो कि Firmenich द्वारा निर्धारित उच्चतम और सबसे सुसंगत गुणवत्ता मानकों का अनुपालन करते हैं।

ऐसे उत्पाद और खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों का समर्थन करें जिसमें खाद्य सुरक्षा, खाद्य धोखाधड़ी और खाद्य रक्षा शामिल हैं।

यदि आप Firmenich के भीतर किसी भी ऐसी प्रथा के बारे में जानते हैं जो हमारे उत्पादों की गुणवत्ता या सुरक्षा से समझौता कर सकती है, तो अपने line manager (लाइन प्रबंधक) को बताएं या उचित आंतरिक प्रक्रिया या हॉटलाइन के माध्यम से आवाज उठाएं।

प्रश्न मेरी गुणवत्ता नियंत्रण टीम निर्धारित समय से पीछे काम कर रही है और हम दिन के लिए अपने उत्पादन लक्ष्य को चूक सकते हैं। क्या मैं उन्हें निर्देश दे सकता हूं कि उत्पादन को बढ़ाने के लिए 100% सटीक अवयव माप प्राप्त करने में कम समय बिताएं?

उत्तर नहीं। यह हमारे उत्पादों की गुणवत्ता या सुरक्षा (या दोनों) पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। अपने line manager (लाइन प्रबंधक) को इस मामले के बारे में बताएं और समय सीमा को फिर से व्यवस्थित करने की संभावना पर चर्चा करें।

**अतिरिक्त जानकारी**

Corporate Quality and Product Safety Policy

Responsible Sourcing Policy

QHSE Management Principles and Operational Codes

## हम जिम्मेदारी से स्रोत प्राप्त करते हैं

सिद्धांत: हम अपने आपूर्तिकर्ताओं और भागीदारों को शामिल करते हुए एक समान और टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखला बनाना चाहते हैं और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वे नैतिक और कानूनी मानकों पर खरी उतरें जो हम अपने स्वयं के लिए चाहते है।

**Firmenich की प्रतिबद्धता:**
**Firmenich का ‘समावेशी पूंजीवाद’ व्यापारिक मॉडल का लक्ष्य मूल्य श्रृंखला में हमारे सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य बनाते हुए हमारे व्यापार को विकसित करना है। Firmenich में, हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से विश्वास और सम्मान के साथ व्यवहार करते हैं। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं और साझेदारों को अपनी स्थिरता के उद्देश्यों को प्राप्त करने में संलग्न करते हैं, उनसे हमारी जवाबदेही स्रोत प्राप्ति नीति जो कि संभवत: सबसे अधिक अनुरेखणीय, स्थिर और नैतिक मूल्य श्रृंखला में संचालन के लिए उनकी प्रतिबद्धता के भाग के रूप में है, उसको स्वीकार करने और उसका अनुपालन करने का अनुरोध करते हैं।**

**आपकी जिम्मेदारी**

आपूर्तिकर्ता का चयन करते समय कंपनी की नीतियों और योग्यता प्रक्रियाओं का पालन करें।

यदि आपको Firmenich की आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी समय अवैध या अनैतिक प्रथाओं के बारे में संदेह है या पता चलता है, जैसे कि जबरन मज़दूरी, आधुनिक दासता या पर्यावरण नियमों का गैर-अनुपालन, तो अपने लाइन प्रबंधन को देरी के बिना बताएं या हॉटलाइन का उपयोग करें।

प्रश्न मुझे यह जानकारी मिली है कि संभावित कच्चे माल के आपूर्तिकर्ता जिसके साथ Firmenich व्यापार करने पर विचार कर रहा है वहां अत्यधिक कामकाजी घंटों और स्वच्छता समस्याओं सहित श्रम की स्थिति की समस्याएं हो सकती हैं। मुझे क्या करना चाहिए?

उत्तर आपको अपने line manager (लाइन प्रबंधन) या Purchasing Department (खरीद विभाग) को अपनी चिंता की उन साक्ष्यों जिस पर वे आधारित हैं, के साथ रिपोर्ट करनी चाहिए। Firmenich को तब यथोचित परिश्रम करना होगा और आपूर्तिकर्ता के साथ व्यापार में संलग्न होने से बचना होगा जब तक कि हम यह पता नहीं लगा लेते है कि काम करने की स्थिति पर्याप्त रूप से उचित और नैतिक है।

**अतिरिक्त जानकारी**

Corporate Purchasing Policy

Direct Purchasing Procedure

Indirect Purchasing Procedure

Responsible Sourcing Policy

Human Rights Policy

## हम ईमानदारी के साथ व्यापार करते हैं

सिद्धांत: हम बाजार में ईमानदारी के साथ काम करते हैं और रिश्वत नहीं देते हैं। रिश्वत और भ्रष्टाचार अवैध, अनैतिक है, और व्यक्ति, व्यवसाय और समाज पर इसका विनाशकारी प्रभाव पड़ता है।

**Firmenich की प्रतिबद्धता:**
**Firmenich रिश्वत नहीं देता है, हमारी ओर से तीसरे पक्ष को रिश्वत देने की अनुमति नहीं देता है, और सभी लागू रिश्वत विरोधी कानूनों का सम्मान करता है।**

**आपकी जिम्मेदारी**

अनुचित तरीके से व्यापार को प्राप्त करने या बनाए रखने, अनुचित लाभ प्राप्त करने, या अन्यथा प्रभावित करने या प्रभावित होने के लिए, किसी से भी या किसी को पैसे या किसी मूल्यवान वास्तु की पेशकश, वादा न करें, दे नहीं या स्वीकार न करें।

तीसरे पक्ष का उपयोग उन कार्यों को करने के लिए न करें जो आपको स्वयं करने चाहिए।

केवल कॉर्पोरेट उपहार और मनोरंजन नीति के अनुसार उपहार और मनोरंजन प्राप्त करें और दें और उन्हें नीति द्वारा आवश्यकतानुसार अनुमोदित करवाएं।

किसी भी ऐसी गतिविधि में संलग्न न हों, जो आपकी मंशा की परवाह किए बिना, अभेद्यता की छाप पैदा कर सकती है।

हमेशा संदेह होने पर Business Ethics (व्यापार नैतिकता) या Legal Counsel (कानूनी परामर्शदाता) से परामर्श लें।

प्रश्न उत्पादन शुरू करने के लिए हमने वो परमिट प्राप्त करने में मदद के लिए स्थानीय सलाहकार को काम पर रखा है जो हमें स्थानीय सरकार से चाहिए होती है। एजेंट ने हमसे 'स्थानीय प्रशासन के साथ प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में मदद' करने के लिए थोड़ा अतिरिक्त शुल्क मांगा है। मुझे क्या करना चाहिए?

उत्तर यह 'सुविधा भुगतान' हो सकता है, जो हमारी नीति के विरुद्ध है। आपको अनुरोध को अस्वीकार कर देना चाहिए और 24 घंटे के भीतर Legal Counsel (कानूनी परामर्शदाता), VP Business Ethics (व्यापारिक नैतिकता के VP) को या ethics@firmenich.com पर प्रस्ताव का खुलासा करना चाहिए। यदि दबाव की स्थिति में सुविधा भुगतान किया जाता है, तो कृपया ऐसे भुगतान की तुरंत रिपोर्ट करें।

अतिरिक्त जानकारी

Corporate Anticorruption Policy

Corporate Gifts and Entertainment Policy

Conflicts of Interest Policy

Donation & Sponsorship Procedure



# 09

## पर्यावरण और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियां

'स्थिरता' हमारे मूल सिद्धांतों में से एक है। तीन दशक पहले स्थिर व्यापार के लिए हमारी पहली सार्वजनिक पर्यावरणीय प्रतिबद्धता के बाद से, हम वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए जिम्मेदार व्यापार का संचालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रकृति की रक्षा, जिन समुदायों में हम काम करते हैं उनकी सुरक्षा और मानवाधिकारों का सम्मान करना हमारी व्यापारिक कार्यनीति के मूल में है।

# हम पर्यावरण की परवाह करते हैं और उस पर हमारा प्रभाव कम करना चाहते हैं

सिद्धांत: हम पर्यावरण प्रबन्ध के उच्च मानकों को बनाए रखते हैं। हम पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटते हैं और वास्तविक पर्यावरणीय परिवर्तन का नेतृत्व करते हैं।

**Firmenich की प्रतिबद्धता:**
**Firmenich पर्यावरण पर हमारे प्रभाव को कम करने और घटाने और पर्यावरण प्रबंधन के मामले में अग्रणी होने के लिए प्रतिबद्ध है।**


**आपकी जिम्मेदारी**

पर्यावरण पर आपके और आपके द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के प्रभाव को मापें, सीमित करें और कम करें।

यदि आप बेकार प्रथाओं का पालन करते हैं जो आवश्यकता से अधिक पर्यावरणीय नुकसान पहुंचाते हैं, तो इसे अपने line manager (लाइन प्रबंधक) को इंगित करें। आप सक्रिय भी हो सकते हैं और बेहतर तकनीक या कार्रवाई का सुझाव भी दे सकते हैं।

प्रश्न Firmenich अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कैसे मापता है और इस को कैसे कम करता है?

उत्तर 2020 तक, दुनिया भर में सभी Firmenich के संचालन 100% नवीकरणीय बिजली द्वारा संचालित है। उद्योग पहले, इस महत्वपूर्ण उपलब्धि ने वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5°C तक सीमित करने के साथ-साथ Firmenich के जलवायु परिवर्तन, विज्ञान-आधारित लक्ष्यों का समर्थन किया। Firmenich हमारे 'अपने' ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (यानी स्वामित्व और नियंत्रित ऊर्जा स्रोतों से उत्सर्जन, या खरीदी गई ऊर्जा से उत्सर्जन) को 55% तक कम करने, और 2030 बनाम 2017 तक 20% द्वारा खरीदे जाने वाले कच्चे माल से उत्सर्जन के लिए प्रतिबद्ध है। इस यात्रा में हमारी मदद करने के लिए आपका योगदान महत्वपूर्ण है।




# हम मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और उन लोगों पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करना चाहते हैं जिनके साथ हम काम करते हैं और जिन समुदायों में हम काम करते हैं

सिद्धांत: हम मानवाधिकारों का सम्मान करने और अपनी गतिविधियों में और व्यापक मूल्य श्रृंखला में व्यापार और मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों को कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**Firmenich की प्रतिबद्धता:**
**Firmenich मानवाधिकारों के लिए एक यथोचित परिश्रम का दृष्टिकोण अपनाता है जिसके द्वारा हम मानवाधिकारों के जोखिमों की पहचान करते हैं और उन्हें रोकते हैं और हमारे कार्यों की प्रभावशीलता को ट्रैक करते हैं।**
**Firmenich उन मानवाधिकारों पर ध्यान केंद्रित करता है जो प्रभाव की गंभीरता के परिणामस्वरूप सबसे अधिक जोखिम में हैं या जहां देरी से हुई प्रतिक्रिया जोखिम को हटाना असंभव बना देगी।**
**Firmenich अपनी गतिविधियों और व्यावसायिक रिश्तों के मानवाधिकारों के प्रभाव पर बारीकी से नज़र रखता है।**


**आपकी जिम्मेदारी**

अपने दिन-प्रतिदिन की व्यापारिक गतिविधियों और कार्यों का संचालन ऐसे तरीके से करें जो मानवाधिकारों के प्रति सम्मान-जनक हो।

यदि आपको कार्यस्थल या Firmenich की आपूर्ति श्रृंखला में मानवाधिकारों के उल्लंघन के बारे में संदेह या जानकारी है, तो तुरंत Human Resources (मानव संसाधन) को इसकी रिपोर्ट करें या हॉटलाइन का उपयोग करें।

प्रश्न क्या मानवाधिकार सभी देशों में समान होते हैं?

उत्तर मानवाधिकार सार्वभौमिक हैं - आपु कहां काम करते हैं और कहां रहते है इसकी परवाह किए बिना हर कोई समान मानकों के साथ व्यवहार किए जाने के हकदार हैं।। यह मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून की नींव से उपजा है। कर्मचारियों को मानवाधिकारों पर राष्ट्रीय कानूनी आवश्यकताओं का पालन करने की उम्मीद है। जहां राष्ट्रीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय कानून अलग-अलग हैं, हमारा उद्देश्य सख्त आवश्यकता का पालन करना है। परोपकारी प्रतिबद्धताओं और गतिविधियों को मानवाधिकार जोखिम प्रबंधन के लिए आत्मसात नहीं किया जाता है।



## हम केवल राजनीतिक रूप से तटस्थ संगठनों का समर्थन करते हैं और उन्हें दान देते हैं

सिद्धांत: हम अपनी स्वतंत्रता को महत्व देते हैं और अपने हितधारकों के विभिन्न विचारों और मंतव्यों का सम्मान करते हैं। हम स्विट्जरलैंड में या कहीं और किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार का सार्वजनिक रूप से या आर्थिक रूप से समर्थन नहीं करते हैं।

**Firmenich की प्रतिबद्धता:**
**Firmenich सभी के व्यक्तिगत विचारों का सम्मान करता है और हमारी व्यावसायिक गतिविधियां और सार्वजनिक रुख सभी परिस्थितियों में सख्ती से गैर-राजनीतिक हैं। हमारे धर्मार्थ दान कभी भी राजनीतिक दलों या धार्मिक संगठनों के पक्ष में नहीं होते हैं, और हम किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार की ओर से प्रचार नहीं करते हैं।**


**आपकी जिम्मेदारी**

सुनिश्चित करें कि आप किसी भी राजनीतिक उम्मीदवार को या राजनीतिक दलों को Firmenich की ओर से या उसके नाम पर किसी भी प्रकार का कोई वित्तीय योगदान या दान नहीं देते हैं।

सुनिश्चित करें कि जब भी आप किसी विशेष राजनीतिक रुख या धार्मिक विश्वास का समर्थन करते हैं, तो यह आपकी व्यक्तिगत क्षमता में किया जाता है और आप Firmenich की ओर से राज-नीतिक राय की वकालत करने का संकेत नहीं देते हैं।

प्रश्न मैं अपने शहर में स्थानीय राजनीतिक कार्यालय के लिए चुने जाने के लिए अभियान करने की योजना बना रहा हूं। क्या मैं अपने प्रचार पत्रक और पोस्टरों पर Firmenich में अपने रोजगार का उल्लेख कर सकता हूं?

उत्तर नहीं। दुर्भाग्य से, इसे अनुचित माना जाएगा क्योंकि इसे कंपनी द्वारा आपके अभियान के औपचारिक समर्थन के रूप में गलत माना जा सकता है।




## हम वित्तीय अपराध में लिप्त नहीं होते हैं और आर्थिक प्रतिबंधों का सम्मान करते हैं

सिद्धांत: वित्तीय अपराध समाज को क्षति पहुंचाता है और हमारे व्यापार और प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। हम वित्तीय अपराध में शामिल नहीं होते हैं और सक्रिय रूप से इससे संबंधित जोखिम का प्रबंधन करते हैं। हम लागू प्रतिबंधों के उपायों और निर्यात नियंत्रण नियमों और विनियमों का अनुपालन करते हैं।

**Firmenich की प्रतिबद्धता:**
**Firmenich कर को टालता नहीं है और न ही उन किसी के द्वारा, जिसके साथ हम काम करते हैं, कर चोरी को सुगम बनाता है।**
**हम पैसों की हेराफेरी बर्दाश्त नहीं करते हैं।**
**हमारे पास ऐसी नीति और प्रक्रियाएं है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हमारा कोई भी कर्मचारी निषिद्ध लेन-देन में संलग्न नहीं है।**

**आपकी जिम्मेदारी**

Firmenich में आपके पद की परवाह किए बिना, यह आपकी ज़िम्मेदारी है कि आप कंपनी की प्रतिबद्धता का पालन करें और अगर आपको हमारे व्यापार से संबंधित वित्तीय अपराध के बारे में संदेह है तो आवाज उठाएं।


विशेष रूप से पैसों की हेराफेरी की गतिविधियों और वित्तीय अपराध के अन्य रूपों के संबंध में ऐसे संभावित भयसूचक चिह्न से सावधान रहें जो संदिग्ध गतिविधियों को इंगित कर सकते हैं

यदि आपको एक संभावित प्रतिबंध या निर्यात नियंत्रण जोखिम के बारे में चिंता है, तो तुरंत व्यापार अनुपालन टीम को सूचित करें।

**संभावित वित्तीय अपराध के भयसूचक चिह्न के उदाहरण है:**

एक वितरक ने मुझे उनके इनवॉइस पर उनके द्वारा खरीदे गए उत्पादों को गलत तरीके से वर्गीकृत करने के लिए कहा है, जिससे वह कर या शुल्क कम होंगे जो देय है।

एक आपूर्तिकर्ता ने मुझे एक अलग कंपनी के नाम से पंजीकृत एक अपतटीय बैंक खाते में भुगतान को पुनः प्रेषित करने के लिए कहा, जिससे मैं परिचित नहीं हूं।



# 10

# शब्दकोष

**अविश्वास/ प्रतिस्पर्धा कानून** वे नियम हैं जो यह सुनिश्चित करते हुए कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को मिलीभगत, मूल्य निर्धारण और अन्य प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं को रोक कर पनपने की अनुमति के साथ व्यापार में आर्थिक शक्ति के वितरण की निगरानी करते हैं।

व्यापारिक भागीदारों का अर्थ है, इस दस्तावेज के उद्देश्य के लिए, कोई भी जिसके साथ हम व्यापार करते हैं जिसमें आपूर्तिकर्ता, एजेंट, वितरक, ग्राहक, उपकोंट्राक्टर, लॉजिस्टिक्स भागीदार, सलाहकार और कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसके साथ Firmenich व्यापारिक क्षमता में संलग्न है शामिल हैं।

**रिश्वत** किसी भी पेशकश, वादे, अनुचित तरीके से व्यवसाय को प्राप्त करने या बनाए रखने, अनुचित लाभ प्राप्त करने या अन्यथा अनुचित तरीके से कार्य करने के लिए प्रभाव डालने या प्रभावित होने पर, किसी को भी या किसी से भी पैसे या मूल्यवान वस्तु देने या स्वीकार करने को संदर्भित करती है

**कंपनी की संपति** ऐसा कुछ भी जो भौतिक और बौधिक है जो कि Firmenich द्वारा खरीदा गया या उसके लिए भुगतान की गया है, जैसे मशीनरी, उपकरण, IT उपकरण, उत्पाद और उत्पादन सामग्रियां, बौद्धिक संपदा, गोपनीय और अन्य मालिकाना जानकारी, जिसमें कंपनी डेटा भी शामिल है।

**हितों का टकराव** एक ऐसी स्थिति को संदर्भित करता है, जिसमें किसी के व्यक्तिगत हित Firmenich के हितों के पहले हैं रखा जाता या रखें जाएंगे प्रतीत होता है और जहां वे किसी के व्यापारिक निर्णय या कार्यों को अनुचित रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

**भ्रष्टाचार** निजी लाभ के लिए सौंपी गई शक्ति का दुरुपयोग है।

**भेदभाव** का मतलब है किसी व्यक्ति या लोगों के विशेष समूह के साथ अलग तरीके से व्यवहार करना, खासकर जिस तरह से आप दूसरे लोगों के साथ व्यवहार करते हैं उस तरीके के विरुद्ध खराब तरीके से, क्योंकि वे अंतर्निहित विशेषता (जैसे कि उनकी त्वचा का रंग, लिंग, यौन अभिविन्यास, आयु) वाले है ।

**आर्थिक प्रतिबंध** निर्दिष्ट व्यक्तियों, संस्थाओं या देशों के साथ व्यापारिक व्यवहार के प्रतिबंध या निषेध हैं।

**निर्यात नियंत्रण** कुछ वस्तुओं या सेवाओं के निर्यात या आयात के प्रतिबंध या निषेध हैं।

**सुविधा भुगतान** एक सरकारी अधिकारी को उन नियमित, गैर-विवेकाधीन सरकारी गतिविधि को सुविधाजनक बनाने या तेज करने के लिए किए गए वित्तीय भुगतान हैं, जिन्हें अधिकारी को अपने काम के तौर पर करना आवश्यक होता है।

**धोखाधड़ी** गलत या आपराधिक धोखा है जिसका परिणाम वित्तीय, वाणिज्यिक या व्यक्तिगत लाभ होता है।

**उपहार और मनोरंजन** में इस दस्तावेज़ के प्रयोजनों के लिए, कॉर्पोरेट ब्रांडेड आइटम, सांस्कृतिक शिष्टाचार, व्यापारिक उपहार, व्यापार सम्मेलन, बैठक या समारोह के साथ जुड़े व्यापारिक यात्रा या आवास, व्यापारिक भोजन और जलपान, खेल, संगीत या सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए टिकट, और कोई भी मूल्यवान वास्तु का बदले में भुगतान किए बिना लेना या देना शामिल हैं।

**उत्पीड़न** को आम तौर पर अवांछित आचरण के रूप में परिभाषित किया जाता है जो किसी अन्य व्यक्ति के प्रति अपराध या अपमान का कारण होना अपेक्षित या माना हुआ है।

**मानवाधिकार** सभी मनुष्यों के लिए उनकी राष्ट्रीयता, निवास स्थान, लिंग, राष्ट्रीय या जातीय मूल, त्वचा का रंग, धर्म, भाषा, या कोई अन्य स्थिति की परवाह किए बिना निहित अधिकार हैं।

**बौद्धिक संपदामें** पेटेंट, डिजाइन, ट्रेडमार्क, व्यापार रहस्य और कॉपीराइट, साथ ही साथ वैज्ञानिक और तकनीकी ज्ञान और तजुर्बा शामिल हैं।

**पैसों की हेराफेरी** में गैरकानूनी रूप से प्राप्त धन की उत्पत्ति का छिपाव है, आमतौर पर विदेशी बैंकों या वैध व्यवसायों से जुड़े हस्तांतरण के माध्यम से।

**मालिकाना और गोपनीय जानकारी** वह सब कुछ है जो बौद्धिक संपदा के रूप में संरक्षित है या नहीं जिसे कंपनी करती है या बनाती है, और अन्य चीजों के समेत इसमें विनिर्माण प्रक्रियाएं, कंप्यूटर प्रोग्राम, व्यावसायिक जानकारी, वर्तमान और भविष्य के उत्पादों के बारे में जानकारी, ग्राहक और आपूर्तिकर्ता की पहचान, कच्चे माल की जानकारी के स्रोत और वित्तीय और परिचालन जानकारी शामिल हैं।

# 11

# अनुक्रमणिका


P.13 अविश्वास, प्रतिस्पर्धा कानून
P.10-11 गोपनीय और मालिकाना जानकारी, बौद्धिक संपदा, कंपनी की संपत्ति, खर्च
P.12 हितों का टकराव
P.15 भ्रष्टाचार, रिश्वत, सुविधा भुगतान
P.17 दान
P.17 आर्थिक प्रतिबंध, निर्यात नियंत्रण
P.15-16 पर्यावरण संबंधी जिम्मेदारी
P.17 आर्थिक अपराध
P.15-17 उपहार और मनोरंजन
P.9 उत्पीड़न, धमकाना, विविधता, समावेश, भेदभाव
P.10 स्वास्थ्य, सुरक्षा, सलामती
P.13 मानवाधिकार
P.14 विपणन, दावे, करार संबंधी दायित्व
P.17 काले धन को वैध बनाना
P.10 गोपनीयता
P.14 उत्पाद सुरक्षा और गुणवत्ता
P.14 जिम्मेदार स्त्रोत प्राप्ति, आपूर्ति श्रृंखला
P.12 सोशल मीडिया, बाहरी संचार